# ग्राम पंचायत सकोह, विकास खण्ड लम्बागांव जिला काँगड़ा, हि• प्र• –176082 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. **प्रस्तावना**

(क) ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओ के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत सकोह, विकास खण्ड लम्बागांव, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधान:–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुशील शर्मा | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मधुवाला | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री कपिल देव | 01.04.2022 से 05.05.2022 |
| 2 | श्रीमती एकता देवी | 06.05.2022 से 31.08.2022 |
| 3 | श्रीमती पूनम | 01.09.2022 से 28.02.2023 |
| 4 | श्रीमती एकता देवी | 01.03.2023 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रीता देवी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

## (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—

ग्राम पंचायत सकोह के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 4.99 |
| | 4.2 | 14वें वित्तायोग के अन्तर्गत लाखों की राशि को हस्तगत रखना | 4.01 |
| 2 | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 26.52 |
| 3 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.07 |
| | 8.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.06 |
| 4 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.45 |
| 5 | 9.2 | खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 4.60 |
| 6 | 10.1 | व्यक्तिगत लाभार्थियों की जमीन में कार्य करवाने के लिये सामग्री खरीद हेतु अधिक भुगतान करना | 0.10 |
| 7 | 10.2 | पौधारोपण हेतु क्रय पौधो का हि0प्र0 बागवानी विभाग की विभिन्न पौधो की अनुमोदित दर की तुलना में अधिक दर से अधिक/अनियमित भुगतान करना | 0.09 |
| 8 | 11 | स्त्रोत पर टी० डी० एस ०की कटौती करने हेतु अपेक्षित अभिलेख संधारित न करने के कारण सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि | 0.09 |
| 9 | 12 | विभिन्न अनुदानो के अंतर्गत करवाये गये निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 6.78 |
| 10 | 13 | अनुचित/असमर्थित/समायोजित व्यय प्रविष्टियां (Adjustment voucher) करना | 3.02 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सकोह का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2018 से 31/03/2019 के लिये किया गया था, जिससे सम्बन्धित अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित हैः–

**(1)अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2018 से 31/03/2019 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | मांग व प्राप्ति रजिस्टर पृष्ठ संख्या 254 में अंकेक्षण शुल्क प्राप्ति की पुष्टि उपरान्त। |
| 2. | 4.क,ख | निर्णीत | अभिलेखो की पुष्टि उपरान्त |
| 3. | 5 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 4. | 6 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 5. | 7 | अनिर्णीत | — |
| 6 | 8 | अनिर्णीत | — |
| 7 | 9 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 9 | 11 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 12 | निर्णीत | अभिलेखो की पुष्टि उपरांत। |
| 11 | 13 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 14 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 15 | अनिर्णीत | — |
| 14 | 16 | अनिर्णीत | — |
| 15 | 17 | अनिर्णीत | — |
| 16 | 18 | अनिर्णीत | — |
| 17 | 19 | अनिर्णीत | — |
| 18 | 20(i)(ii) | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 19 | 21 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |

## भाग—दो

**2. वर्तमान अंकेक्षणः—**

ग्राम पंचायत सकोह के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 19.12.2024 से 31.12.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 01/2023 | 10/2022 |
| 2023—24 | 02/2024 | 02/2024 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4800/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/664 दिनांक—31.12.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि काँगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक आलमपुर के मल्टीसिटी चैक संख्या 467732 दिनांक 08.01.2025 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2024/642 दिनांकः—19.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया हैः—

1.स्वः–स्त्रोतः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 496268.56 | 429715.00 | 925983.56 | 546505.00 | 379478.56 |
| 2023-24 | 379478.56 | 451928.00 | 831406.56 | 588764.00 | 242642.56 |

2.अनुदानः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 2373301.00 | 3889647.94 | 6262948.94 | 3356341.94 | 2906607.00 |
| 2023-24 | 2906607.00 | 3329612.79 | 6236219.79 | 3583814.79 | 2652405.00 |

**कुल योग (1+2)**242642.56**+2652405=2895047.56**

## (ख). बैंक समाधान विवरणीः–

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹28,95,047.56/- तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट–3"** के अनुसार अन्तशेष ₹23,96,026.30/–से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

| | बैंक खातों की विवरणीः– | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | विवरण | बैक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वःस्त्रोत/तीसरां वित | का•के•सह•बैंक आलमपुर | 20019004948 | 268385 |
| 2 | वी.के.वी.एन.वाई | का•के•सह•बैंक आलमपुर | 50056416900 | 388136 |
| 3 | एम.पी.लेड | का•के•सह•बैंक आलमपुर | 50056416864 | 108647 |
| 4 | एस.डी.पी | का•के•सह•बैंक आलमपुर | 50056416875 | 17346 |
| 5 | 14वॉं वित्त | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50056416784 | 0 |
| 6 | 15वॉवित्त/पी.एस/ | एच.डी.एफ.सी•बैंक | 50100349359009 | 1212335.30 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | जेड.पी | सुजानपुर | | |
| 7 | हस्तगत शेष(स्वःस्त्रोत की ऑनलाईन रोकड.बही के अनुसार) | | | 0 |
| 8 | हस्तगत शेष( 14वां वित की ऑनलाईन रोकड.बही के अनुसार) | | | 401177 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹2396026.30 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹2895047.56 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्त्तशेषः– | | | | ₹2396026.30 |
| अन्तरः– | | | | 499021.26 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹4.99/– लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत सकोह द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹499021.26 का अन्तर रोकड बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/643 दिनांकः–20.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–04/SAK/2024 दिनांकः–31.12. 2024 द्वारा दिया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत सकोह के बैंक खातो के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे। प्रस्तुत **परिशिष्ट–3** पर उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत व तीसरा वित शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20019004948 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। एवं नियमो के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/663 दिनांकः–31.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–04/SAK/2024 दिनांकः–31.12.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि शीर्ष वाईज खातों का अनुसंधारण दिया कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातो का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ही बैंक खातो का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 4.2 14वें वितायोग के अंतर्गत निर्धारित सीमा से अधिक नकद हस्तगत राशि ₹4.01 लाख को रखने बारेः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 10(3) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा ₹1000/– तक की राशि ही नकद रूप में हस्तगत रखी जा सकती है।

14वां वितायोग की प्रस्तुत की गई आनलाईन रोकड़ बही के अवलोकन पर पाया गया गया कि पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार प्रावधित सीमा से अधिक नकद राशि **₹401177/-** को हस्तगत दर्शाया गया था, जो कि नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित व आपतिजनक है। रोकड बही में इतनी अधिक राशि का नकद के रूप में पाया जाना, इसके दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त इस राशि को बैंक में जमा न करवाने से इस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी ग्राम पंचायत को वंचित होना पडाः–

| क्र0सं0 | मद/अनुदान | रो• ब• पृ• | जिस दिनाँक को दर्शाया गया | सीमा से अधिक रखी गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14वां वित | निल | 01.04.2022 व 31.03. 2024 | 401177 |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/652 दिनांकः–26.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–04/SAK/2024 दिनांकः–31.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त शेषो बारे अभिलेखों की जांच पड़ताल करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार ही कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यह मामला विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ इस आश्य के साथ लाया जाता है कि, इसकी गहनता से जांच पड़ताल करने उपरांत तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5 निवेश न करने बारेः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म,कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियो को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्टीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियो में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अवधि 2018–19 व अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹4,54,815 से ₹2,68,385 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पडा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना सख्यां राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/663 दिनांकः–31.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–04/SAK/2024 दिनांक 31.12.2024 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज

(वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

### 6.1 अनुदान की राशि ₹26.52 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियो को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/642 दिनांकः–19.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2 पर संलग्न है ,के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹2652405/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क.स. | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | वी.के.वी.वाई.एन | 31.03.2024 | 395551 |
| 2 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 17346 |
| 3 | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 318532 |
| 4 | एस.बी.एम | 31.03.2024 | 32489 |
| 5 | जी.आर.डी.वाई | 31.03.2024 | 10027 |
| 6 | 13वाँवित्त | 31.03.2024 | 242276 |
| 7 | 14वाँवित्त | 31.03.2024 | 423849 |
| 8 | 15वाँवित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1212335 |
| | | **कुल जोड** | **2652405** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/644 दिनांक–21.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र–04/SAK/2024 दिनांकः–31.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्येश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः—**

**7.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.07 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः—**

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पत्तिकर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत(Outstanding)नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/642 दिनांकः—19.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹7130**/— की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की राशि का पंचायत द्वारा बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/648 दिनांकः—26.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—04/SAK/2024 दिनांकः—31.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**7.2 स्वःस्त्रोत सम्पतिकर/गृहकर से प्राप्त आय ₹0.02 लाख को बैंक में जमा न करवानाः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(2) के अनुसार पंचायत द्वारा आय में प्राप्त धन राशियों को संबंधित बैंक में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

स्वःस्त्रोत सम्पत्तिकर/गृहकर की रसीद बुकों के अंकेक्षण पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार ₹2100 ग्राम पंचायत द्वारा बैंक में कम जमा करवाये गये थे, फलस्वरूप पंचायत स्वः स्त्रोत की आय के दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकताः—

| क्र0सं0 | रसीद संख्या | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | प्राप्त आय (₹) | बैंक में जमा राशि (₹) | कम जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1800101 से 180100 | 19 | 5790 | 32090 | 2100 |
| 2 | 127801 से 127883 | 19 | 4910 | | |
| 3. | 127901 से 127996 | 19 | 5650 | | |
| 4. | 127701 से 127800 | 19 | 5710 | | |
| 5. | 232201 से 232300 | 19 | 5890 | | |
| 6. | 127601 से 127700 | 19 | 5820 | | |
| 7 | 232189 से 232195 | 19 | 420 | | |
| | | **कुल** | **34190** | **32090** | **2100** |

इस गम्भीर अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/650 दिनांकः—26.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसकी वसूली रसीद संख्या 130113 द्वारा करके सभा निधि खाता सख्या 20019004948 में दिनांक 03.01.2025 को जमा करवा दी गई है, जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है।

अतः यह सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृति न हो, यह सुनिश्चित किया जाए ।

**8.1 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹1600/- की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना :—**

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या—SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य श्रेणी) व आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल. श्रेणी के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनो के

बाद 90 दिनो के भीतर ₹400(सामान्य श्रेणी) से व ₹50 आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल श्रेणी से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

विवाह पंजीकरण शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण व निम्न तालिका के अनुसार 06 विवाह पंजीकृत किये गये थे, जिस हेतु ₹200 / 400 की दर से न के बराबर राशि वसूली गई थी, जबकि उक्त वर्णित दरो के अनुसार ₹1600 प्राप्त किये जाने अपेक्षित थेः–

| क्र0सं0 | नाम | विवाह की तिथि | पंजीकरण की तिथि | विवाह शु0 रजि. पृ. स / रसीद संख्या | वसूली योग्य राशि (₹) | वसूली गई राशि (₹) | वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रदीप शर्मा | 07.12.24 | निल | 84 | 400 | 00 | 400 |
| 2 | मेघा शुकला | 22.10.23 | 24.11.23 | 88 / 99 | 400 | 200 | 200 |
| 3 | नवीन कुमार | 10.05.22 | 04.12.23 | 89 | 400 | 00 | 400 |
| 4 | अनिल कुमार | 22.11.23 | 12.02.24 | 91 / 007 | 400 | 200 | 200 |
| 5 | राहुल बनवाल | 04.03.24 | 22.03.24 | 94 | 200 | 00 | 200 |
| 6 | मानशी शर्मा | 07.03.24 | 28.03.24 | 94 | 200 | 00 | 200 |
| | | | | **कुल** | **2000** | **400** | **1600** |

उक्त न वसूली गई राशि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 649 दिनांकः–26.12.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत सकोह के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी वसूली रसीद संख्या 130112 द्वारा करके सभा निधि खाता संख्या 20019004948 में दिनांक 03.01.2025 को जमा करवा दी गई है, जिसकी सभा निधि में जमा की अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है, परन्तु उक्त राशि सरकारी कोष में जमा करवाई जानी अपेक्षित है।

अतः वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 8.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त राशि ₹0.06 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाकर सभा निधि में अनियमित जमा करने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः– 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां0 / 2024 / 642 दिनांकः–19.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना व निम्न तालिका के अनुसार ग्राम पंचायत सकोह द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान ₹6275

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई ,परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा न करवाकर पंचायत के निधि खाते में जमा करवाया गया था, जोकि अनियमित ही नहीं बल्कि आपतिजनक भी है:—

| क्र0सं0 | वित्तीय स्थिति | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 2022—23 | 3625 |
| 2 | 2023—24 | 2650 |
| कुल योग | | **6275** |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः—राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/649 दिनांकः—26.12.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत सकोह के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या—04/SAK/2024 दिनांकः—31.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.45 लाख के स्टॉक का क्रय करना:—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले क्रय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत सकोह के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा, संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार ₹45455/— का क्रय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/657 दिनांकः—30.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—04/SAK/2024

दिनांकः—31.12.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9.2 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹4.60/— लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:—**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च्य न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि हेतु चयनित मासों के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण व सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹459675/— का अनियमित भुगतान किया गया एवं पूर्वोक्त नियम ,प्रावधानों एवं समय —समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/659 दिनांकः—30.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—04/SAK/2024 दिनांकः—31.12.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया किया जा रहा है ,प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल

न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमो के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इन प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 10.1 व्यक्तिगत लाभार्थियों की जमीन में कार्य करवाने के लिये सामग्री खरीद हेतु निर्धारित अनुपात से व्यय न करके ₹0.10 लाख का अधिक भुगतान करना:–

ग्रामीण विकास विभाग के पत्र संख्या– SMS-1/2021-22-RDD-Implementation-MGNREGA-5684-5808 , Dated:-25-05-2022 के अनुसार The amount of component which is to be reimbursed in the account of individual beneficiaries shall be restricted to the maximum of 40% of the actual total cost of the work by applying the following formula:–Actual unskilled labour cost X 2/3= material cost के अनुसार भुगतान किया किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार करवाये गये कार्यों में उक्त नियमानुार भुगतान न करके ₹9738 का अधिक भुगतान किया गया था:–

| अनुदान | वाउचर स0/दि0 | बिल स0/दि0 | कार्य का नाम | अपेक्षित भुगतान (Unskilled +Material) ₹ | किया गया भुगतान ₹ | अधिक भुगतान ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1मनरेगा | निल/21.10.2022 | मस्ट्रोल–3722 | नि0 गौशाला ओंकार चन्द की जमीन में वार्ड 4 | 73493 (44096+(44096X 2/3) | 74956 | 1463 |
| 2मनरेगा | निल/29.02.2024 | 211/28.08.2023 | पौधारोपण राकेश शर्मा की जमीन में वार्ड 5 | 72987 (43792+(43792X 2/3) | 81262 | 8275 |
| | | | | | कुल जोड | 9738 |

मनरेगा शीर्ष के अन्तर्गत सामग्री पर अधिक व्यय करने का उक्त प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/658 दिनांक:–30.12.2024 द्वारा पंचायत सचिव के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउतर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 04/SAK/2024 दिनांक:–31.12.2024 द्वारा सूचित किया गया कि मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थी की जमीन में कार्य करवाने हेतु खरीदी गई सामग्री के लिये अधिक भुगतान की गई राशि

की वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त संबंधित शीर्ष में जमा करवा दी जाएगी व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः उपरोक्त किये गये अधिक भुगतान को या तो समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये गए आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए तथा संबंधित शीर्ष में जमा करवाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

**10.2 पौधारोपण हेतु कय पौधो का हि0प्र0 बागवानी विभाग की वर्ष 2022—23 व 2023—24 की विभिन्न पौधो की अनुमोदित दर की तुलना में अधिक दर से ₹0.09 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान करनाः—**

हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार यदि किसी बिल/बाउचर का वास्तविक भुगतान से अधिक भुगतान किया जाता है तो पंचायत सचिव व्यक्तिगत तौर पर तत्परता से अधिक किये गये भुगतान की वसूली करने का जिम्मेवार होगा व हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 44 के अनुसार किसी भी प्रकार का व्यय करते समय ग्राम पंचायत द्वारा पूर्ण रूप से मितव्ययता बरती जाएगी। इसके अतिरिक्त निदेशक बागवानी विभाग शिमला के पत्र संख्या HDP-NMS(Sale Rate -57)/2021 Vol I व II दिनांक 06.07.2022 तथा दिनांक 01.06.2023 द्वारा अवधि 2022—23 व 2023—24 के लिये विभिन्न पौधो की दरें अनुमोदित की गई थी तथा निदेशक मनरेगा (RDD) हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.SMS-1/2022-23/RDD-BA-plantation-6165-6200 दिनांक 14.07.2024 द्वारा जारी दिशा—निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा पौधारोपण सामग्री की खरीद बागवानी विभाग की नर्सरियो/पंजीकृत नर्सरियो से उप—निदेशक बागवानी विभाग/स्थायी बागवानी अधिकारी की सिफारिशो के उपरान्त ही की जाएगी।

चयनित मास 10/2022 व 02/2024 के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा पौधारोपण के लिये विभिन्न पौधे खरीदने हेतु हि0प्र0 बागवानी विभाग की वर्ष 2022—23 व 2023—24 की निर्धारित दरो से पौधे क्रय न करके व अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित करके क्रय किये गए। परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत द्वारा निम्नविरणानुसार ₹9170/— का अधिक/अनियमित भुगतान किया गया था। जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता हैः—

| अनुदान | वाउचर स0 / दिनांक / बिल स0 | आपूर्तिकर्ता | सामान का विवरण | न्यूनतम व अपेक्षित दर से भुगतान ₹ | किया गया भुगतान ₹ | अनियमित भुगतान ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | निल / 03. 10.22 / 297 | मै0 मदन फ्रूट प्लांटस नर्सरी जूल पपलाह | Sangtra | 1000 (20@50) | 2000 (20@100) | 1000 |
| | | | Musambi | 1000 (20@50) | 2000 (20@100) | 1000 |
| | | | Mango(Das herhari | 1300 (20@65) | 2200 (20@110) | 900 |
| | | | Guava | 250 (05@50) | 500 (05@100) | 250 |
| | | | Kinnow | 1000 (20@50) | 2000 (20@100) | 1000 |
| 2.मनरेगा | निल / 03.10. 2022 / 296 | मै0 मदन फ्रूट प्लांटस नर्सरी जूल पपलाह | Guava | 600 (12@50) | 1200 (12@100) | 600 |
| | | | Sangtra | 450 (09@50) | 900 (09@100) | 450 |
| | | | Musambi | 450 (09@50) | 900 (09@100) | 450 |
| | | | Mango(Dasrh,Amarpali) | 585 (09@65) | 990 (09@110) | 405 |
| 3.मनरेगा | निल / 29. 02. 2024 / 533 | मै0 मदन फ्रूट प्लांटस नर्सरी जूल पपलाह | Litchi | 520 (08@65) | 960 (08@120) | 440 |
| | | | Sangtra | 550 (10@55) | 1100 (10@110) | 550 |
| | | | Musambi | 550 (10@55) | 1100 (10@110) | 550 |
| | | | Kinnow | 550 (10@55) | 1100 (10@110) | 550 |
| | | | K.Lime(Budded) | 250 (05@50) | 725 (05@145) | 475 |
| 4.मनरेगा | निल / 29. 02. 2024 / 534 | मै0 मदन फ्रूट प्लांटस नर्सरी जूल पपलाह | Sangtra | 550 (10@55) | 1100 (10@110) | 550 |
| | | | | | Total | 9170 |

उक्त अनियमितता के दृष्टिगत किये गए व्यय को नियमानुसार न्यायोचित ठहराने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/660 दिनांकः–30.12.2024 द्वारा अवगत करवाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–04/SAK/2024 दिनांकः–31.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि मनरेगा के अंतर्गत पौधारोपण हेतु पौधो का क्रय हि0प्र0 बागवानी विभाग द्वारा निर्धारित दरों से नहीं किये गए है व उक्त पौधो की अनियमित/अधिक खरीद खुले बाजार से की गई है, जिसकी वसूली कर ली जाएगी व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः अधिक/अनियमित किये गए भुगतान बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये गए आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करना सुनिश्चित की जाये तथा संबंधित शीर्ष में जमा करवाकर कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए। पूर्वोक्त मामलो के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई पौधरोपण सामग्री हेतु की गई अधिक/अनियमित भुगतान की संस्था/विभागीय स्तर पर नियमानुसार समुचित गणना कर उसकी भी वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**11 स्त्रोत पर टी० डी० एस ०की कटौती करने हेतु अपेक्षित अभिलेख संधारित न करने के कारण राशि ₹0.09/- लाख के सरकारी राजस्व की सम्भावित हानिः-**

हिमाचल प्रदेश आबकारी एवं कराधान विभाग पत्र संख्या 12-4/78-EXN-TAX-पार्ट–(278/25)-29056,दिनाक 29-09-18 के अनुसार दिनांक 01-10-18 से गुड्स व सेवायों और दोनों की आपूर्ति हेतु₹ 2.5 लाख रुपये से अधिक की अदायगियों से @2% की दर से GST/TDS काटने एवं उसे अगले माह की 10 तारीख तक सरकारी कोष में जमा करवाने तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप(annexure-A) अनुसार GSTR7 फाइल करने हेतु अभिलेख तैयार करने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत द्वारा "परिशिष्ट -8" अनुसार प्रस्तुत सूचना के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत विभिन विकास कार्यों के लिये निम्नविवरणानुसार निर्माण सामग्री प्राप्ति की गई थी किन्तु उक्त नियम प्रावधानों के दृष्तिगत आपूर्तिकर्ताओं से स्त्रोत पर कर राशि **₹9967/-** की कटौती (टीडीएस) नहीं की गई थी:-

| क्रम स० | वो0/दिनांक | कॉन्ट्रैक्टर/फर्म का नाम | परिशिष्ट के अनुसार भुगतान की गई राशि (₹) | स्त्रोत पर कर कटौती ( TDS) की राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिशिष्ट के अनुसार | मै०अमन कांट्रेक्टर टिकर गंधड मरेरा | 498345 | 9967 |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/661 दिनांकः–30.12.2024 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत सकोह् को तथ्यों एवं आंकड़ो की पुष्टि करते हुए वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था , जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–04/SAK/2024 दिनांकः–31.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त भुगतान की गई राशि पर टी.डी.एस की कटौती नहीं की गई है जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त संबंधित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः नियमानुसार जी0एस0टी0 टी.डी.एस की कटौती न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित विभाग में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि अंकेक्षण अवधि के दौरान ऐसे अन्य मामलों की जांच विभागीय/संस्था स्तर पर कर वस्तुस्थिति एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

**12 विभिन्न अनुदानो के अंतर्गत करवाये गये निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹6.78/– लाख के अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारेः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि हेतु चयनित मास 10/2022 व 02/2024 के व्यय वाउचरों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार ₹678162/–का भुगतान किया गया था, परन्तु उक्त निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं कियें गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सकाः–

| क्र0सं0 व अनुदान | वाउचर सं/ दिनांक | बिल संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) | वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.वी.के.वी. वाई.एन | 10,13/07,27.10.2022 | 1390/10.09.2022 मस्ट्रोल सं0–02 | कम्पलीशन टिन रूफ जंजघर गांव झीण वार्ड–1 | 14033 | बजट प्राक्कलन,माप पुस्तिका,34–सी |
| 2.एम.पी. लेड | 10,11,12/07,27.10.2022 | 2272,085/11.10.22,26.09.22 मस्ट्रोल सं0–03 | निर्माण सराय भवन पार्क के साथ गांव अदराणा वार्ड–2 | 86320 | बजट प्राक्कलन , 34–सी |
| 3.15वां वित | 15/22.10.2022 | 284/15.09.2022 | निर्माण डरेन रतनी देवी,अशोक कुमार के घर | 8556 | माप पुस्तिका, 34–सी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | से खेतो की ओर वार्ड–4 | | |
| 4.15वा वित | 16 / 22. 10.2022 | 285 / 15.09. 2022 | निर्माण बौडी ग्राम पंचायत सकोह वार्ड–4 | 18600 | बजट प्राक्कलन माप पुस्तिका, 34–सी |
| 5.15वां वित | 17 / 22. 10.2022 | 368 / 11.10. 2022 | डेन रास्ता विरेन्द्र कुमार के घर से नाला की की ओर करोठी वार्ड–5 | 10416 | माप पुस्तिका, 34–सी |
| 6.पी.एस | 18 / 27. 10.2022 | 369 / 11.10. 2022 | निर्माण शैड शिवशनि मंदिर सकोह वार्ड–3 | 3720 | माप पुस्तिका,34–सी |
| 7.पी.एस | 19 / 27. 10.2022 | 370 / 11.10. 2022 | निर्माण खेल मैदान सकोह वार्ड–5 | 22320 | माप पुस्तिका |
| 8.मनरेगा | निल / 07. 10.22 | मस्ट्रोल–3101 | निर्माण सुरक्षा दीवार राज कुमार की जमीन में वार्ड 5 | 3392 | माप पुस्तिका |
| 9.मनरेगा | निल / 07. 10.22 | मस्ट्रोल–3106 | निर्माण ऐम्बुलेन्स रोड बाबु राम के घर से जंजघर वार्ड–5 | 20140 | माप पुस्तिका, 34–सी |
| 10.मनरेगा | निल / 07. 10.22 | मस्ट्रोल–3100 | पौधारोपण प्रताप चन्द,सतीश कुमार ,प्रीन वार्ड–3 | 5724 | माप पुस्तिका |
